दिनांक 22.02.2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई में विभिन्न पदों पर पदस्थ 20 कर्मचारियों को आयुक्त एस0के0 सुंदरानी ने पदोन्नति आदेश जारी किया है। महापौर देवेन्द्र यादव ने पदोन्नत कर्मचारियों को बधाई दी है।

उपायुक्त अशोक द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर पालिक निगम भिलाई में लंबे समय से एक ही पद पर कार्यरत् भृत्य , सफाई कामगार, लाईनमेन, कारपेंटर, राजस्व उप निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक एवं लिपिकीय वर्ग के कर्मचारियों को पदोन्नति पर रिक्त हुए पदों पर पदोन्नत किया गया है। जिसमें सहायक अधीक्षक श्रीमती कल्पना बैस , चिन्ताराम बंजारे, राजस्व निरीक्षक लिवन सिंह देशमुख, प्रकाश अग्रवाल, अनिल मेश्राम, सहायक ग्रेड-02 श्रीमती ज्योति त्रिवेदी, रीता चतुर्वेदी, राजस्व उप निरीक्षक सुनील जोशी , अश्वनी देशमुख, संतोष जोशी, सहायक राजस्व निरीक्षक मोतीलाल शर्मा , प्रहलाद, रमेशर, श्रीमती गैस्त्री बाई , सहायक ग्रेड- 03 उमेश कुमार दुबे , जगजीवन लाल, रमेश कुर्रे, विरेन्द्र चतुर्वेदी, विकास बेलकर, चिन्ताराम वर्मा, डी0 रवि, आदि को शासन के पदोन्नति संबंधी प्राप्त दिशा निर्देश के तहत् इस शर्त के साथ कि उक्त कर्मचारी के कार्यालय में उपलब्ध अभिलेखों एवं प्रमाण-पत्रों के आधार पर पदोन्नति प्रदान की गई है। जिस पर भविष्य में किसी भी पक्षकार अथवा आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज एवं प्रमाण-पत्रों के संबंध में शिकायत पाये जाने पर एवं जांच में शिकायत सहीं पाया जाता है तो यह पदोन्नति आदेश स्वमेव निरस्त माना जाना जायेगा। सम्पूर्ण पदोन्नति प्रक्रिया में आरक्षण रोस्टर नियमों का पालन किया गया है। आयुक्त एस0के0 सुंदरानी ने सभी पदोन्नत हुए 20 कर्मचारियों को पदोन्नति आदेश प्रदान करते हुए उन्हे हार्दिक बधाई दी एवं कार्य के प्रति लगनशील व कर्मठ बनें रहने को कहा है।